| PUBLICATION NAME : | Readers Messenger (Lucknow) |
|---|---|
| DATE : | 26/07/2023 |
| PAGE : | 3 |

# ईडीआईआई ने आरआईएस के सहयोग से भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया

**लखनऊ।** भारत की जी20 अध्यक्षता में युवाओं को शामिल करने और इस दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रयासों के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) के सहयोग से आयोजित इस सेशन में फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4.0, इनोवेशन और 21वीं सदी के कौशल पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवाओं को विविधता और समावेशन पर सार्थक चर्चा, नॉलेज शेयरिंग और एडवोकेसी के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए किया गया था, इस प्रकार उन्हें इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील बनाया गया और उन्हें अपडेट जानकारी और नॉलेज के साथ सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री हितेश मकवाना, मेयर, गांधीनगर नगर निगम, डॉ. पंकज वशिष्ठ, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस और डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा भविष्य में कामकाज के क्षेत्र में टैक्नोलॉजी से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए युवाओं को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना था। साथ ही, इन चुनौतियों के बारे में गंभीर विचार-विमर्श करना और विकास के लिए अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी के सबसे प्रभावी उपयोग की रणनीति बनाना भी इस कार्यक्रम का एक और मकसद था।